## अधिकारियों ने किया खेत का निरीक्षण



**बड़वानी।** पॉल्यूशन सेटेलाईट से प्राप्त लोकेशन अनुसार नरवाई जलाई जाने की सूचना पर 23 अप्रैल को ग्राम पिपरी बुजुर्ग में कृषक विनोद पिता रमेशचंद पाटीदार के खेत पर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ खेत का निरीक्षण कर कृषक को नरवाई न जलाने से संबंधित निर्देश देकर शासन द्वारा की जाने वाली दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई। कृषक ने बताया कि खेत में नींबू के बगीचे के पुराने सूखे पेड़ों को काटकर खेत के मेड़ पर 22 अप्रैल 2025 को रात्रि 9.30 बजे के लगभग जलाया गया। निरीक्षण के दौरान बचे हुए नींबू के शेष सूखे पेड़ों को न जलाने संबंधित निर्देश दिए गए तथा नरवाई न जलाने से क्या क्या फायदे एवं भूमि की उर्वरता में सुधार के बारे में जानकारी दी।

## चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट व कॉलेज के बीच समझौता



**बड़वानी।** चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट और पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीच सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता विद्यार्थियों को सामाजिक क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव देने सहित आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिसके तहत चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, फील्ड वर्क, सामाजिक शोध एवं प्रोजेक्ट वर्क के अवसर उपलब्ध कराएगा। साथ ही विद्यार्थियों को नई स्किल्स की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इस दौरान चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट के चेयरमैन, प्राचार्य डॉ वीणा सत्य, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ आशा साखी गुप्ता एवं प्रो अविनाश वानखेड़े उपस्थित थे।

## सहायक आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



बड़वानी। जनजातीय कार्य विभाग जिला के सहायक आयुक्त जेएस डामोर ने बड़गांव में स्थित जिले की विशिष्ट संस्था कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं से चर्चा कर उन्हें सफलता प्राप्त करने के गुर सिखाते हुए मार्गदर्शन दिया। डामोर ने संस्था में उपलब्ध स्मार्ट कक्षा, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, अन्य लैब, छात्रावास भवन, मेस एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं छाषाओं से जानकारी ली। संस्था कन्या शिक्षा परिसर मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित एक विशिष्ट आवासीय संस्था है, जो सीबीएसई बोर्ड अंतर्गत संचालित है। इस दौरान डाईट प्राचार्य माधना भवर, सहायक जिला कोषालय अधिकारी अमित जैन, मेनेजर जिला व्यापर, उद्योग केंद्र नेहा चौहान एवं संस्था प्राचार्य एमके पवार व अन्य मौजूद थे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिलेभर में विरोध

### मुख्यालय पर मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया कड़ा विरोध, सकल हिंदू समाज के आव्हान पर खेतिया रहा बंद

**बड़वानी, (नवभारत)।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। सुन्नत मुस्लिम जमाअत व दारूल कज़ात ने बताया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में क्रुरतापूर्ण तरीके से अंधाधुंध गोलियां चलाकर निहत्थे व बेकसुर पर्यटकों को कत्लेआम किया है। जिससे संपूर्ण मानव जगत शर्मसार होकर क्रूर आतंकियों द्वारा देश की अखंडता एवं संप्रभुता पर गहरा आघात किया गया है।

सुन्नत मुस्लिम जमात व दारुल कज़ात बड़वानी इस हृदयविदारक घटना से दुखीत है। शुक्रवार दोपहर को पुराने कलेक्टोरेट पहुंच उक्त सौंपा। समाजजनों ने शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। महामहिम राष्ट्रपति से निवेदन किया कि उक्त हमला करने वाले आतंकवादियों और उनके सहयोगियों पर सख्त रवैया अपना कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा आतंकियों को सजा ए मौत दी जाए। मृतकों के परिवार वालों को सहायता दी जाए।

### पहलगाम हमले का विरोध

**निवाली।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के स्थानीय बस स्टैंड पर खिलाफ विरोध किया गया। पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कड़ा विरोध किया। वहीं व्यापारियों और नगरवासियो ने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर सुबह से ही अपनी दुकानें बंद रखी। पुतला दहन कर आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में





लोग शामिल थे। रैली बस स्टैंड से नगर के मुख्य मार्गों, गली चौराहों से होकर गुजरी। जिसमें पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए।

### हमले के विरोध में खेतिया रहा बंद

**खेतिया।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध सकल हिन्दू समाज के आव्हान पर नगर शांतिपूर्ण ढंग से बंद रखा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी दुकानें बंद रख दोपहर सुभाष चौक मस्जिद से हाथों पर काली पट्टी बांध, आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां लिए मौन जुलूस निकाल पुलिस थाने पर कठौर कार्रवाई की मांग का ज्ञापन तहसीलदार सुनील सिसोदिया को सौंपा।

शाम को सकल हिन्दू समाज द्वारा रविन्द्र नाथ टैगोर चौक से आक्रोश रैली निकाली। आक्रोशित नागरिक पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे को सौंपे ज्ञापन में आतंकवाद के सफाए के लिए पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। आतंकवाद के पुतले का दहन करते हुए नरसंहार में मारे गए नागरिकों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सुबह से ही अधिकांश दुकानें बंद रही। वहीं अशोक रोड़, सुभाष चौक कुछ दुकानों के आधे शटर खुले भी देखे गए। मस्जिद का हिस्सा पूर्णत: बंद रहा। पुलिस व प्रशासन सुबह से ही अपनी नजर बनाए रहा।

**जिलेभर में आक्रोश**
- हमले को लेकर सम्पूर्ण जिले में आक्रोश है।
- जगह-जगह ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

**बड़वानी।** नीति आयोग भारत सरकार ने पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से आकांक्षी जिला एवं विखं कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसके तहत 5 सूचकांकों शामिल किया। इनकी सतत निगरानी व सही रिपोर्टिंग करना अति आवश्यक है। सूचकांकों में सुधार एवं प्रगति के लिए कार्य किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट कार्यालय में हुई नीति आयोग आकांक्षी जिला व विखं कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

**एक नजर में** — पहलगाम हमले के विरोध में सकल हिन्दू नारी संगठन की महिलाओं ने शहर में बंद कराई दुकानें

# मुस्लिम समाज ने जलाया पाकिस्तान का पुतला, सेंधवा रहा बंद

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 26 अप्रैल.** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में गत दिनों हुई आतंकी घटना के विरोध में शुक्रवार को शहर बंद रहा। शाम 4 बजे तक मुख्य बाजार पूर्ण रूप से बंद रहे। वहीं आतंकी घटना को लेकर मुस्लिम समाज ने विरोध दर्ज कराते हुए दोपहर में जुम्मे की नमाज के बाद रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

सकल हिंदू नारी संगठन की महिलाओं ने भी शहर में निकलकर खुली दुकानों को बंद करने की





अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव और भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने लोगों से अपील की। वहीं सकल हिन्दू समाज के लोग तिरंगा लेकर निकले।

शहर के मौलाना आजाद चौक और टैगोर बैड़ी क्षेत्र में मुस्लिम समाजजन ने आतंकवाद का पुतला जलाया। इसके बाद किला गेट पर पाकिस्तान का पुतला जलाया गया। मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम आशीष कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें मांग कि कि आतंकवाद को खत्म करने को जो कड़े से कड़े कदम उठाने पड़े उठाए और पाकिस्तानी आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दें। भारत पाकिस्तान से सभी तरह के संबंध खत्म कर दे। एसडीएम कार्यालय परिसर में अलग-अलग मस्जिद के मौलाना ने उद्बोधन दिया।

### पुलिस प्रशासन अलर्ट

सेंधवा बंद और रैली प्रदर्शन को लेकर पुलिस और प्रशासन की टीम शहर में मुस्तैद रही। आतंकी हमले की घटना को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। एसडीओपी अजय वाघमारे, शहर टीआई बलजीत सिंह बिसेन सहित पुलिस बल शहर में अलर्ट नजर आए।

# धर्म परिवर्तन व मारपीट को लेकर किन्नरों के दो गुटों में झगड़ा

- सोनम गुट ने पायल गुट पर लगाए गंभीर आरोप
- बड़ी संख्या में पहुंचे थाने, एसीपी ने दिलाया जांच का भरोसा

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** शहर में किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच गुरुवार को विवाद उस समय गहरा गया जब एक गुट ने दूसरे पर धर्म परिवर्तन और मारपीट के गंभीर आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर दिया. मामला पंढरीनाथ थाना क्षेत्र का है, जहां सोनम गुट के किन्नर बड़ी संख्या में पहुंचे और पायल गुट के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया.

सोनम गुट का आरोप है कि पायल गुट के सदस्य न केवल उनके साथ मारपीट कर रहे हैं, बल्कि जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहे हैं.



इस मुद्दे को लेकर नंदलाल पुरा निवासी सपना गुरु ने एफआईआर की मांग की. मामले को शांत कराने के लिए एसीपी हेमंत चौहान मौके पर पहुंचे और किन्नरों से बातचीत की. उन्होंने सोनम गुट से लिखित शिकायती आवेदन लिया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया. एसीपी चौहान ने जानकारी दी कि दो वर्ष पूर्व विजय नगर क्षेत्र में हुई एक पुरानी घटना में आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत केस दर्ज किया गया था.

**थाने के बाहर जमा हुई भीड़**
इस पूरे घटनाक्रम के दौरान थाने के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से संभाल लिया गया. मामला सामाजिक और कानूनी दोनों दृष्टिकोण से संवेदनशील होने के कारण पुलिस सतर्कता से कदम उठा रही है.

अब उक्त आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है. उसी को लेकर भी किन्नर थाने पहुंचे थे.

# ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन में बनाए 654 चालान

### बिना नंबर प्लेट, रेड लाइट जंप और हूटर लगे वाहनों पर हुई कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई तेज कर दी है. बुधवार को एक ही दिन में 654 चालान बनाए गए. यह कार्रवाई शहर के विभिन्न चौराहों पर तैनात ट्रैफिक अधिकारियों द्वारा की गई.

जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस बिना नंबर या स्टाइलिश नंबर प्लेट 186 चालान, गलत दिशा में वाहन चलाना, 70 चालान, तीन सवारी बैठाना 22 चालान, रेड लाइट जंप करना 87 चालान, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियां 13 चालान, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना 6 चालान, तेज गति से गाड़ी चलाना 3 चालान, बिना हेलमेट वाहन चलाना 202 चालान बनाए गए.

ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अनावश्यक चालानी कार्रवाई से बचें. हेलमेट पहनें, वैध नंबर प्लेट लगवाएं, गाड़ी में गैरकानूनी एक्सेसरीज हूटर, स्टाइलिश लाइट्स का प्रयोग न करें.



**रेडिसन चौराहे पर हूटर लगी कार पकड़ी**–विशेष कार्रवाई के दौरान रेडिसन चौराहे पर तैनात ट्रैफिक सूबेदार अमित यादव ने एमपी-09 डीके 9955 नंबर की एक कार को रोका, जिसमें न सिर्फ हूटर लगा था बल्कि नंबर प्लेट भी अमानक थी. कार मालिक पर 3500 का चालान किया गया. इसके अलावा, हरियाणा नंबर की एक अन्य गाड़ी में बहुरंगी लाइट लगे होने के कारण 3000 जुर्माना वसूला गया.

# रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इंदौर. शहर में आत्महत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा चालक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है.

मृतक की पहचान 41 वर्षीय आशीष पिता ओमप्रकाश निवासी परदेशीपुरा के रूप में हुई है. बताया जाता है कि आशीष ने देर रात अपने कमरे में फांसी लगाई. जब परिजनों को घटना का पता चला, तो उन्होंने उसे फांसी से उतारा और तुरंत बड़े अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. परिजनों के अनुसार, आशीष को किसी प्रकार का तनाव नहीं था, और उनका इस कदम को उठाने का कारण समझ में नहीं आ रहा है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. इसी प्रकार, विदुर नगर में रहने वाली 45 वर्षीय निर्मला पत्नी घनश्याम ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया. परिजनों ने उसे तुरंत बड़े अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस मामले की जांच कर रही है. 55 वर्षीय जगदीश पिता रामनारायण वर्मा, निवासी देवास की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है. परिजनों ने उसे रात में बड़े अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

**कार की टक्कर से दो युवक घायल**–इंदौर. विजयनगर चौराहे पर मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए. पुलिस के अनुसार, कमल चौरसिया पिता राम नारायण और मुकेश चौहान पिता बाबूलाल को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए.

# कर्ज के बोझ से परेशान होकर पुलिसकर्मी ने खाया जहर, मौत

- धोखाधड़ी और धमकी से था परेशान
- वीडियो वायरल की दी जा रही थी धमकी

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पुलिसकर्मी ने कर्ज और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान 36 वर्षीय नितेश पिता हरि के रूप में हुई है, जो नगीन नगर इलाके में रहते थे और पुलिस की फर्स्ट बटालियन में पदस्थ थे.



नितेश ने अपने घर के पास जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था. उसने स्वयं फोन पर परिजनों को इसकी सूचना दी. आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजनों का कहना है कि नितेश ने कुछ समय पहले अर्जुन और आकाश नामक दो लोगों से 5 लाख रुपए कर्ज लिया था. बाद में दोनों ने मूल राशि की कई गुना रकम यानी 25 लाख रुपए लौटाने का दबाव बनाना शुरू किया. नितेश के चाचा कमल ने पुलिस को बताया कि इन दोनों ने नितेश का एक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी भी दी थी, जिससे वह लगातार मानसिक तनाव में था.

**घर में जताता था चिंता**–चाचा कमल ने यह भी बताया कि नितेश इन दिनों बेहद परेशान रहता था और वह अक्सर घर में चिंता जताया करता था. आखिरकार, इसी दबाव ने उसे आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारी इस घटना को गंभीरता से ले रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई के संकेत दिए हैं.

# मकान के बंटवारे को लेकर महिला ने की आत्महत्या

### जेठ और भांजे पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में मकान के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के कारण महिला ने आत्महत्या कर ली. पुलिस ने इस मामले में महिला के जेठ और भांजे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

46 वर्षीय कल्पना उर्फ कांता यादव ने 9 अप्रैल को एसिड पीकर आत्महत्या कर ली थी. जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक सुमन यादव ने बताया कि कल्पना के मृत्यु पूर्व कथन के अनुसार, भागीरथपुरा स्थित उनके मकान पर जेठ नंदकिशोर यादव और भांजा अशोक यादव कब्जा करना चाहते थे. इन दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता था, जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसने यह कदम उठाया. बाणगंगा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. इसी प्रकार, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक मल्टी में काम करते समय 48 वर्षीय मजदूर देवी दयाल कौशल गंभीर रूप से घायल हो गए थे. पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार अशोक चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया, क्योंकि ठेकेदार ने मजदूर को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए थे.

# नवविवाहित की आत्महत्या में पति सहित पांच पर केस

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहित महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है.

21 वर्षीय प्रिया सिंह तोमर, जो कि सुखलिया की निवासी थीं, ने 30 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. इस मामले की जांच एसीपी धैर्यसिंह द्वारा की गई. जांच में प्रिया के पिता राजकुमार गिरी, भाई पवन गिरी और बहन आरती ने बयान दिए कि प्रिया को दहेज के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे. प्रिया के पति विजय सिंह तोमर, सास ममता सिंह तोमर, ससुर सूरत सिंह तोमर, जेठ चेतन सिंह और जेठानी कविता सिंह ने दहेज के लिए उसे परेशान किया था. एसीपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है.

**रोष** — पहलगाम में मृत शहीदों को लेकर लोगों में आंतकवाद को लेकर आक्रोश

# आतंकियों को कड़ी सजा मिले, देशवासी रहें एकजुट



**इंदौर. एक बार फिर पड़ोसी देश के नापाक मंसूबों ने देश की एकता, अखंडता और सभ्यता पर वार किया है. यहां पहली बार नहीं हुआ कि जब ऐसी घटनाओं से देश की जनता आहत हुई हो. इस घटना से पूरे देश की जनता में रोष बढ़ रहा है लेकिन ऐसे समय पर संयम रख दुश्मन के षड्यंत्र को नाकाम करना होगा.**

कश्मीर के पहलगाम में हुई दु:खद घटना से पूरा देश मिल गया है. इस घिनौने षड्यंत्र से पूरे विश्व में आतंक के खिलाफ मोर्चा खोला जा रहा है. वहीं शहर की जनता भी सड़कों पर आने लगी है. पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले चौराहों पर जलाया जा रहे हैं और हिंदुस्तान जिंदाबाद, हम सब एक है के नारे लगाए जा रहे हैं. शाम होते ही चौराहों पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी जा रही है. घिनौनी हरकत करते हुए जिस षड्यंत्र देश की शांति भंग करने की कोशिश की है. देश की जनता अब इसे कभी नहीं भूलेगी. वहीं सियासी पथ छोड़कर लोग एकजुट होने लगे हैं. यह अलग बात है कि कुछ लोग इसे सियासी रंग देने में लगे हैं जिस कारण देश की आबो हवा बिगड़ने का खतरा बन रहा है. सोशल मीडिया पर भी कुछ ऐसे वीडियो डाले जा रहे हैं जिससे दो समुदायों के बीच गहरी खाई बनाने का काम कर रही है. वहीं देश के अधिकतर नागरिक पड़ोसी दुश्मन देश का बड़ा षड्यंत्र मान रहे हैं और देश में एकता कायम करने की भी अपील कर रहे हैं. हालांकि पुलवामा से लेकर अब तक के सभी आतंकवादी हमले कई अनसुलझे सवालात छोड़ रहे हैं.

### इनका कहा है...



विविधता में एकता वाला देश है. प्रेम की रोशनी जलानी होगी. सद्भावना, एकता, सभ्यता, संयम रखना होगा. हम इस बात को रंग, धर्म का या जाति का नाम न दें. आतंकी को सजा मिलनी चाहिए लेकिन आपस में ना लड़े.
**– पद्मश्री जनक पलटा मागिलिगन**



जो विदेशी शक्तियां हैं. वह षड़यंत्र पूर्वक हमारे की एकता और देश की जो ताकत है उसे कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं. उसे नाकाम करने के लिए हमें एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहना है.
**– पं. योगेंद्र महंत, पूर्व राज्य मंत्री दर्जा म.प्र.**



हमले की आड़ में उन्होंने देश में दो संप्रदाय के बीच में फूट डालने की कोशिश की है. देश की सांप्रदायिक सद्भाव बरकरार रखना है. सोशल मीडिया पर ध्यान न दें. हमारी सरकार के फैसले पर हमें साथ देना चाहिए.
**– प्रोफेसर संजीव वैद्य**



निर्मम हत्या नहीं देश पर बड़ा प्रहार है. जिस नीयत से आतंकियों ने षड्यंत्र रचा है उसे समझना होगा. सैकड़ों भाषाओं का संगम वाला हमारा देश विश्व भर में जाना जा रहा है. हमें सद्भावना और एकता स्वयं रक्षा करनी होगी.
**– महफूज पठान, समाजसेवी**